An Initiative of CollCom

collcom
Empowering Youth through Community Service


ISSN: 2583-9969

Vol 15, Issue Feburary 2024

# CYBER संस्कार

साइबर अपराध के खिलाफ एक कदम


**Prepaid Task Scam!**




**Trading Phishing link**




**Trading Bot Fraud**




**Fake Brokerage Call**









प्रीतेश मिश्रा
डॉ गौरव कुमार

# Investment Scam!

# साइबर संस्कार : Investment Scam!

**प्रीतेश मिश्रा, डॉ गौरव कुमार**

**प्रकाशक : कॉलकम**

1043/2, मेहरावाली अपार्टमेंट,
महरौली नई दिल्ली, 110030, भारत

संपर्क: +91 -9868189955

ईमेल: pr@collcom.org

वेबसाइट: www.collcom.org

© कॉलकम

प्रथम संस्करण : फरवरी 2024

मूल्य : ₹ 49

मुद्रक : कॉलकम, भारत

ISSN : 2583-9969

# विषय-सूची

# Investment Scam!

## Contents — callcom (Empowering Youth through Community Service) — Page No.


- **परिचय** **02**
- **फ्रॉड के विभिन्न तरीके** **03-11**
    - प्रीपेड टास्क स्कैम (सच्ची घटनाओं के माध्यम से फ्रॉड को समझना) 03-09
    - ट्रेडिंग बोट स्कैम 10
    - फेक ब्रोकरेज कॉल स्कैम 11
    - फिशिंग ऐप/लिंक स्कैम 11
- **बचने के उपाय और सत्यता की जांच के तरीके** **12-19**
    - ब्रोकर कि जांच कैसे करें 13
    - कंपनी की प्रमाणिकता कैसे चेक करें 14
    - अपने सोशल मीडिया अकाउंट में 2FA कैसे लागू करें 15
    - वेबसाइट की सत्यता के जांच के तरीके 17-18
- **फ्रॉड होने पर शिकायत कहाँ करें** **20-22**
    - UPI के माध्यम से हुए फ्रॉड की शिकायत 20
    - नि:शुल्क साइबर संस्कार प्रशिक्षण के बारे में 23
    - संस्था से जुड़ने का तरीका 24
- **मैगजीन के पिछले संस्करण** **28**

SPECIAL REPORT

# Investment के नाम पर ठगी का अंबार!

INDIA TODAY | NORTHEAST | MALAYALAM | BUSINESS TODAY | BT BAZAAR | AAJ TAK | LALLANTOP | BANGLA | GNTTV | ICHOWK | READE

INDIA TODAY — Live TV — Search

News / Technology / News / Man loses Rs 1.2 crore after investing online, says he thought that he was getting profits

## Man loses Rs 1.2 crore after investing online, says he thought that he was getting profits

A man was cheated of around Rs 1.2 crore when he was contacted by scammers online. He thought that his profits were getting added at an app.

Aaj Tak | বাংলা | Aaj Tak Campus | GNTTV | Lallantop | India Today | Business Today | BT Bazaar | Cosmopolitan | Harper's Bazaar | Reader's Digest | Northeast | Ma

आज तक — EDITION IN

Hindi News / भारत / महाराष्ट्र — Feedback

## Thane: बिजनेस में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, शख्स से ठग लिए 24 लाख रुपये

महाराष्ट्र में 7 लोगों ने ठाणे के एक शख्स से बिजनेस में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 24 लाख पांच हजार रुपये ठग लिए. पीड़ित को कहा गया था कि कोला नट के बिजनेस में अगर वो निवेश करता है तो उसे काफी मुनाफा होगा. लेकिन ऐसा हुआ नहीं. उन लोगों ने शख्स का फोन भी उठाना बंद कर दिया. जिसके बाद पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई.

हिन्दुस्तान — ऐप में फ्री ई-पेपर — शहर चुनें

होम | राज्य | देश | क्रिकेट | IPL 2024 शेड्

Hindi News ▸ NCR ▸ नई दिल्ली ▸ निवेश के नाम पर व्य...

## निवेश के नाम पर व्यक्ति से 1.19 करोड़ की धोखाधड़ी

ठाणे, एजेंसी। नवी मुंबई में 51 वर्षीय व्यक्ति से 1.19 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी...

Business Today | BT Bazaar | India Today | Northeast | India Today Gaming | Cosmopolitan | Harper's Bazaar | Brides Today | Ishq FM | Aaj Tak | GNTTV | iChowk

bt Business Today — Subscribe

News / LATEST / In Focus / Rs 712-cr 'Chinese investment fraud' busted in Hyderabad, nine arrested — Feedback

## Rs 712-cr 'Chinese investment fraud' busted in Hyderabad, nine arrested

The investigation was initiated following a complaint lodged by a Hyderabad resident who claimed to have been duped of Rs 28 lakh through a part-time job of 'rate and review'.

The Indian Express — JOURNALISM OF COURAGE

Home | Cities | India | Explained | Opinion | Business | E

News / Cities / Bangalore / Bengaluru techie reports

## Bengaluru techie reports loss of Rs 50 lakh in online investment scam

NDTV — DAILY NEWS PODCAST »

Live TV | India | Trending | Latest

## Rs 854 Crore Cyber Investment Fraud Busted In Bengaluru, 6 Arrested

The total amount of Rs 854 crore was dumped into various online payment modes through crypto (Binance), payment gateway, gaming apps among others, cops said.

INDIA TODAY | NORTHEAST | MALAYALAM | BUSIN

INDIA TODAY — Magazine — Live TV — Search

News / Technology / News / Pune man loses Rs 2.1 crore ...

## Pune man loses Rs 2.1 crore after clicking on fake investment link

Pune-based clinical researcher scammed out of Rs 2.1 crore by a fraudulent share market investment platform

Business News / Money / Personal Finance / Indian ban...

MINTGENIE

## Indian banker in London loses over ₹1.2 crore to crypto fraud; how to protect yourself from falling prey?

3 min read

thehindu.com

## Cyber crime police issue advisory on new 'Online

amarujala.com

अमर उजाला — एप डाउनलोड करें

होम › हिमाचल प्रदेश › शिमला | कांगड़ा | मंडी | सोलन | चम्बा | सिरमौर | कुल्लू | बिलासपुर | हमी

## Cryptocurrency Fraud Case: एसआईटी के पास पहुंचा ढाई लाख निवेशकों का रिकॉर्ड, 2000 करोड़ का है घोटाला

अमर उजाला ब्यूरो, शिमला Published by: Krishan Singh Updated Thu, 02 Nov 2023 10:58 AM IST

moneycontrol

Home | Budget 2024 | Markets | Ram Mandir

Home › News › Business

## No platform is fool proof, says Telegram on Rs 712 crore investment fraud

Aaj Tak | বাংলা | Aaj Tak Campus | GNTTV | Lallant

Hindi News / टेक्नोलॉजी / टेक न्यूज


## निवेश और हाई रिटर्न का लालच, इस शख्स को लगा 1 करोड़ का चूना, ना करें ये गलती



SPECIAL REPORT

# INVESTMENT SCAM!

WARNING



Hello! मैं एक बार फिर से हाजिर हूँ आपको **एक नए व बड़े खतरे** के प्रति सचेत करने के लिए।




<u>एक मीडिया रिपोर्ट</u> के अनुसार **जुलाई 2023 में हैदराबाद पुलिस ने 712 करोड़ रुपये के क्रिप्टोवॉलेट निवेश की धोखाधड़ी** के मामले में देश के अलग-अलग इलाकों से नौ लोगों को गिरफ्तार किया, इस धोखाधड़ी का संचालन चीनी ऑपरेटरों द्वारा किया जा रहा था।



ये डाटा केवल उनके है जिन्होंने शिकायत दर्ज कराया है, अभी न जाने कितने लोग ऐसे हैं जिन्होंने शिकायत तक दर्ज नही करवाया है, या उन्हें पता नही है कि फ्रॉड होने पर शिकयत कब, कैसे और कहाँ करनी है ?

## निवेश धोखाधड़ी (Investment Scam) क्या है ?

**निवेश धोखाधड़ी** का मतलब होता है जब कोई व्यक्ति या संगठन निवेश के लिए पैसे मांगता है, लेकिन फिर उस **पैसे का गलत इस्तेमाल** करता है। इसमें निवेशक से वादा किया जाता है कि उनका **पैसा छोटे समय में ही डबल या ट्रिपल होकर बहुत बड़ा मुनाफा लाभ** के रूप में मिलेगा, लेकिन असलियत में उस **पैसे को लूट** लिया जाता है।

- ये **धोखाधड़ी अक्सर अस्थिर या अविश्वसनीय निवेश योजनाओं** के नाम पर की जाती है। इससे लोगों को चूंकि बड़ा मुनाफा कमाने का वादा किया जाता है, इसलिए वे आसानी से धोखा खा जाते हैं। धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति या संगठन कभी-कभी निवेशकों को **वास्तविकता छुपाने के लिए झूठे दस्तावेज या विभिन्न तरह के झांसे** का इस्तेमाल करते हैं।
- धोखाधड़ी से बचने के लिए हमेशा **निवेश के बारे में अच्छे से सोचें, जांचें और सलाह लें,** और किसी भी ऐसे व्यक्ति या संगठन को पैसे न दें जिन्हें आप पूरी तरह से नहीं जानते।

# SPECIAL REPORT Investment Scam के विभिन्न तरीके

**मार्केट रिसर्च फर्म स्टेटिस्टा के अनुसार**, आने वाले वर्षों में क्रिप्टो बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। **2024 तक बाजार में $51.5 बिलियन का राजस्व** उत्पन्न होने का अनुमान है और ये उम्मीद है कि **8.62% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ 2028 तक बाजार का राजस्व $71.7 बिलियन** तक पहुंच जाएगा। इसके साथ ही इस बाजार में **नए उपयोगकर्ता कि संख्या 2024 में 10.76% तक होने कि उम्मीद है जो बढ़कर 2028 में 12.5%** होने का अनुमान है। इस बाजार में तेजी से बढ़ रहे नए उपयोगकर्ता कि वजह से इसमें होने वाले फ्रॉड का बढ़ना भी स्वाभाविक है।

इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि **हमलोग इंवेस्टमेंट के नाम से होने वाले स्कैम/ फ्रॉड के विभिन्न तरीकों को समझे** जिससे यदि हमारे साथ कभी ऐसा फ्रॉड हो तो हम पहले से ही सतर्क हो जाए।




Source: Statista

# 1. BY WHATSAPP - TELEGRAM

## Prepaid Task Scam:

इस तरीके में हमे +60 (मलेशिया), +84 (वियतनाम), +62 (इंडोनेशिया), +27 (दक्षिण अफ्रीका), +251 (इथियोपिया), +1 (यूनाइटेड स्टेट) आदि से शुरू होने वाले देश कोड वाले विदेशी नंबरों से व्हाट्सएप पर एक मैसेज मिलता है (आज कल तो इंडियन नंबर +91 से भी मैसेज आ रहे है) जिसमे हमे एक बहुत ही आसान पार्ट टाइम जॉब ऑफर किया जाता है और बताया जाता है कि प्रति यूट्यूब वीडियो/ इंस्टाग्राम reels को लाइक / गूगल रेटिंग दे कर या प्रति चैनल को सब्सक्राइब करके 50 रूपए कमा सकते है, और इसी प्रकार हम प्रतिदिन ₹3000-₹5000 तक कमा सकते हैं।







ये सारा स्कैम व्हाट्सएप से शुरू होकर टेलीग्राम एप्लीकेशन और इन्वेस्टमेंट वेबसाइट/ एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाता है। आगे एक केस स्टडी (सच्ची घटना पर आधारित) के माध्यम से इस तरह के स्कैम को आसान शब्दो में कहानी के माध्यम से समझाया गया है, इस कहानी को अवश्य पढ़े ताकि जो कहानी के पात्र ने गलती की उसे हम न दोहराए और अपने मेहनत के कमाई को डूबने से बचा पाए।

SPECIAL REPORT


# सच्ची घटना पर आधारित



**नीचे स्कैमर और विक्टिम के बीच हुए वार्तालाप से हम इस फ्रॉड के तरीके को समझने का प्रयत्न करेंगे, शुरुवात के सारे कम्युनिकेशन व्हाट्सप्प पर होते है जब तक यूजर वीडियो लाइक जॉब/ इन्वेस्टमेंट से पैसे डबल करने के लिए हाँ नहीं बोलता है।**

क्या मैं आपका कुछ समय ले सकता हूँ ?

ये एक ओलिविया मर्फी डिजिटल कंपनी है, जहाँ आपको प्रति यूट्यूब चैनल सब्सक्राइब या लाइक करने के 50 Rupee मिलेंगे और एक दिन के लगभग 3000 रूपए तक घर बैठे बैठे आप कमा सकते है।




जी बिल्कुल


ठीक है भेजिए।




मैं अभी आपको 2 चैनल के लिंक भेज रहा हूँ जिसको सब्सक्राइब और लाइक करने के बाद आपको 100 रुपए दिए जायेंगे। आप सब्सक्राइब करने के बाद स्क्रीन शॉट भेजिए।

ठीक है।

यूजर द्वारा स्क्रीन शॉट भेजा गया।




**बहुत बढ़िया !**

टास्क पूरा करने के लिए धन्यवाद अब आप टेलीग्राम पर अपने सैलरी प्राप्त करने के लिए रिसेप्सनिस्ट से संपर्क करे।
आपका कोड: 8736860###, रिसेप्सनिस्ट **टेलीग्राम id- @safira_official00**


मैसेज करने के बाद आप स्क्रीन शॉट भेजे।




स्कैमर ने यूजर को टेलीग्राम इनस्टॉल करवाया और रिसेप्सनिस्ट को मैसेज करके उस मैसेज का स्क्रीन शॉट भेजने के लिए कहा

यूजर ने टेलीग्राम पर रिसेप्सनिस्ट को मैसेज किया और उस मैसेज का स्क्रीन शॉट स्कैमर को भेजा दिया।

# सैलरी प्राप्त करने से लेकर आगे के इन्वेस्टमेंट स्कैम का जाल टेलीग्राम प्लेटफार्म के माध्यम से अंजाम दिया जाता है।






आपका अपवर्क वीडियो कैंपेन में स्वागत है।



आपका कोड सत्यापित हो चुका है, अब आपको अपनी कुछ और जानकारियाँ देनी है जिसके बाद आप हमारे वर्क फ्रॉम होम एम्पलॉई बन जायेंगे।






सैलरी के लिए अपना बैंक डिटेल भेजिए।



स्कैमर द्वारा मांगी गयी डिटेल्स यूजर भेज देता है।







यूजर अपना बैंक डिटेल्स भेज देता है।

डिटेल्स भेजने के कुछ ही समय बाद 100 Rs अकाउंट में क्रेडिट हो जाता है। अब यूजर को काफी हद तक सब कुछ ठीक लगने लगता है। उसे यकीन होने लगता है सब कुछ सही है, पार्ट - टाइम जॉब भी ऑथेंटिक है।




कुछ ही देर में यूजर को फोन पर 100 रुपए प्राप्त होने का संदेश मिलता है।



**अब यूजर को टेलीग्राम में एक ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट चैनल और निजी ग्रुप  से जोड़ा जाता है, जिसमे बहुत सारे यूजर होते है और एक निश्चित अंतराल पर सामान्य टास्क व एक प्रीपेड इन्वेस्टमेंट टास्क दिया जाता है।**




इस प्रीपेड task में अलग अलग कमीशन जुड़े है -
जैसे 1000 Rs इन्वेस्ट करने पर 1300 रूपए का कैशबैक बोनस
3000 Rs पर 3900 रूपए तक का कैशबैक बोनस, इसी प्रकार 2 लाख इन्वेस्ट करने पर 2 लाख 60 हजार रुपये






इस चैनल ग्रुप में कई ऐसे इन्वेस्टमेंट और कैशबैक पेमेंट के स्क्रीनशॉट थोड़े-थोड़े अंतराल पर शेयर किया जाता है ताकि इसे देख कर हम और उत्साहित होकर इसमें इन्वेस्ट करने के लिए आकर्षित हो, और धीरे-धीरे स्कैमर के जाल में फसते चले जाये ।




**Note - यहाँ टास्क के दो प्रारूप होते है - पहला प्रारूप एक साधारण टास्क जहाँ वीडियो को लाइक और सब्सक्राइब करना होता है और दूसरा प्रारूप जो इन्वेस्टमेन्ट प्रीपेड टास्क के रूप में होता है जहाँ इन्वेस्ट करते ही आपको उसका डेढ़ - गुना या दो गुना तक रिटर्न मिलता है ।**

अब जो यूजर प्रीपेड टास्क पूर्ण नही करता है उनका रिसेप्सनिस्ट से संपर्क को रोक दिया जाता है, और थोड़ी देर में रिसेप्सनिस्ट का एकाउंट डिलीट दिखाई देने लगता है।  दूसरे तरफ जो यूजर प्रीपेड टास्क को पूर्ण करने के लिए अपना इच्छा जाहिर करता है उन्हे नए रिसेप्सनिस्ट से जोड़ दिया जाता है एवं उन्हें नए VIP इन्वेस्टमेंट ग्रुप में ऐड कर दिया जाता है।




**जो यूजर प्रीपेड टास्क में इन्वेस्टमेंट करता है वो स्कैमर के जाल में फसते चले जाता है और एक समय में बड़ा इन्वेस्टमेंट के बाद वो फ्रॉड का शिकार बन जाता है।**




**Prepaid Task में इन्वेस्टमेंट कई प्रकार का होता है जैसे की क्रिप्टो करेंसी, स्टॉक मार्केट, शॉपिंग रिचार्ज कैश बैक जैसे कई स्कीम, स्कैमर यूजर के सामने रखते है वो एक फेक इन्वेस्टमेंट ऐप या वेबसाइट में माध्यम से इसे अंजाम देते है।**

**एक सच्ची घटना पर आधारित (केस स्टडी) के माध्यम से स्कैमर इस तरह के फ्रॉड को कैसे अंजाम देते है और यूजर कैसे स्कैमर के बिछाये हुए जाल में आसानी से फसते चला जाता है, इसे पूरे प्रक्रिया को हम बहुत ही सरल शब्दो में कहानी के माध्यम से समझने का प्रयास करेंगे।**

**सबसे पहले स्कैमर अपने इन्वेस्टमेंट वेबसाइट/बिज़नेस की प्रमाणिकता दिखाने के लिए फेक सर्टिफिकेट और अपनी फ्रॉड आईडी दिखाता है (जैसा कि नीचे दिखाया गया है) जिससे की यूजर को यह विश्वास हो जाये को बताये गए इन्वेस्टमेंट स्कीम ऑफर और कंपनी सही है।**





## ये घटना हैदराबाद में रहने वाली एक लड़की (सोनी (नाम बदला हुआ है)) की है जो मेडिकल की पढाई करने के लिए विदेश जाने की तैयारी कर रही थी।



एक दिन सोनी को **व्हाट्सप्प पर पार्ट टाइम जॉब के लिए ऑफर** आता है, जैसे अभी हमने पिछले पृष्ठ में देखा, उसी प्रकार से वो वीडियो लाइक के टास्क पूर्ण करती है और पैसे अकाउंट में आने लगते है। सोनी को ये काम बहुत अच्छा और आसान लगता है, फिर उसे इन्वेस्टमेन्ट प्रीपेड टास्क के अच्छे रिटर्न्स के बारे में बताया जाता है।

कंपनी का रजिस्ट्रेशन लेटर, आधार कार्ड और बाकी यूजर द्वारा कमाए गए पैसे का स्क्रीन शॉट्स दिखाकर स्कैमर, सोनी का भरोसा जीतने की कोशिश करता है और धीरे धीरे सोनी, स्कैमर के बातों पर विश्वास करने लगती है।

**स्कैमर के बताये गए दिशा-निर्देश पर सोनी को एक इन्वेस्टमेंट एप्लीकेशन पर रजिस्ट्रेशन करके इन्वेस्ट करने को कहा जाता है।**









| NO. | Order Type | Y/N | Prepay | Profit% | net profit | Cashback | Order Status | Task Code |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Newcomer welfare | Y | 1018 | 30% | 305 | 1323 | Uncollected | ...... |
| 2 | Group benefits | Y | 2118 | 30% | 635 | 2753 | Uncollected | ...... |
| 3 | Group benefits | Y | 3760 | 30% | 1128 | 4888 | Uncollected | ...... |
| 4 | Group benefits | Y | 5605 | 30% | 1682 | 7287 | Uncollected | ...... |
| 5 | Group benefits | Y | 7381 | 30% | 2214 | 9595 | Uncollected | ...... |


सोनी कुछ पैसे इन्वेस्ट करती है और थोड़ी ही देर में बोनस के साथ पैसा सोनी के बैंक अकाउंट में क्रेडिट कर दिया जाता है। बोनस का पैसा देखकर सोनी काफी खुश हो जाती है, उसे ये इन्वेस्टमेंट स्कीम काफी अच्छा लगने लगता है।




इस पूरे प्रक्रिया में सोनी का विश्वास जीतने के लिए सोनी को **टेलीग्राम में एक VIP इन्वेस्टमेंट ग्रुप** में जोड़ा जाता है जहाँ 5 और लोग जुड़े होते है जो समय-समय पर किये गए इन्वेस्टमेन्ट और बोनस अकाउंट में क्रेडिट होने का स्क्रीन शॉट्स शेयर कर रहे होते है जिसे देख कर सोनी को सारा इन्वेस्टमेंट प्रोसेस बिलकुल सच सा लग रहा होता है।

वास्तव में ये 5 यूजर स्कैमर्स होते है जिनमे एक यूजर ग्रुप मैनेजर (या Tutor) होता है जो की इन्वेस्टमेंट का टास्क समय- समय पर ग्रुप में भेज रहा होता है और बाकी के 4 फेक यूजर होते है जो अनजान यूजर बनकर तरह-तरह के प्रश्न ग्रुप में पूछते रहते है और फेक इन्वेस्टमेंट पेमेंट और अमाउंट क्रेडिट स्क्रीन शॉट समय-समय पर ग्रुप में शेयर करते रहते है जिससे की सोनी का इस पूरे इन्वेस्टमेंट प्रक्रिया में विश्वास बना रहे। ये पूरी प्रक्रिया एक ट्रैप होता है जिसमे अनजान यूजर का भरोसा जीतकर उसके जीवन भर के मेहनत कि कमाई को लूट लिया जाता है।




धीरे-धीरे समय के साथ सोनी पैसे इन्वेस्ट करते जा रही थी जिसका बोनस अब डायरेक्ट अकाउंट में क्रेडिट होने के बजाय सिर्फ इन्वेस्टमेंट ऐप पर दिखाई दे रहा था।

इस बात से सोनी थोड़ी चिंतित हो रही थी परन्तु अधिक पैसे पाने की लालच में वह कुछ सोच समझ नहीं पाई और आगे पैसे इन्वेस्ट करती चली गई।





**सोनी धीरे-धीरे इन्वेस्टमेंट प्रॉफिट जाल के ट्रैप में फसते जा रही थी। बोनस पैसा को अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए कुछ ऐसे डिफिकल्ट नियम और शर्तें इन्वेस्टमेन्ट के ऐड कर दिए जाते थे जिसे पूरा करना बहुत ही मुश्किल सा हो रहा था।**

परिस्थिति ऐसी बन गई की **अपने दोस्तों से पैसा लोन लेने** की भी नौबत आ गयी और हर एक बताई गई कंडीशन को पूरा करते-करते एक समय के **बाद काफी पैसे इन्वेस्ट** हो गए।


सोनी को अब धीरे धीरे डर लगने लगा, कही कुछ गड़बड़ ना हो जाये उसके साथ।





अंत में सोनी ने जब इन्वेस्ट किये गए पूरे पैसे प्रॉफिट के साथ अपने बैंक में वापस ट्रांसफर करना चाहा तो फिर कुछ अजीब सा हुआ जिसे देखकर सोनी के होश उड़ गए।

सोनी ने ऐसा क्या देखा जिससे उसका अब डर पूरी तरह से शक के यकीन में बदल गया, निचे दिखाए गए स्क्रीन शॉट देखे।






आपका अकाउंट सिर्फ 99 % ही सक्रिय हुआ है 1% बचा हुआ है, इसे पूरा सक्रिय करने के लिए 1 लाख 22000 रूपये का और इन्वेस्ट (रिचार्ज) करना होगा, अकाउंट 100 % सक्रिय होने के बाद ही आप पैसा निकाल सकते है।




बहुत कोशिश और आग्रह करने के बाद जब **पैसे बैंक अकाउंट में ट्रांसफर नहीं किये गए** तो सोनी को अब यकीन हो गया था कि वो फ्रॉड का शिकार हो गई है।


वास्तव में इस तरह के **शार्ट-कट से पैसे कमाना एक छलावा** होता है, हम जितनी बार पैसे इन्वेस्ट करते है पैसे Withdraw करने कि लिमिट बढ़ती जाती है और जबतक हम इस पूरे प्रक्रिया के ट्रैप को समझ पाते है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

# 2. BY TRADING BOT




**ट्रेडिंग बॉट एक स्वचालित सॉफ़्टवेयर** होता है जो वित्तीय बाजारों में व्यापार करने के लिए डिज़ाइन किया जाता है, जिसका उपयोग करके निवेशकों को बाजार की स्थिति का सही विश्लेषण करने और व्यापार के लिए उचित निर्णय लेने में सहायता मिलती है।


- यह बॉट नियमित इंटरफ़ेस के माध्यम से बाजार की स्थिति को ट्रैक करता है और स्वचालित रूप से व्यापार के निर्देश देता है।
- ट्रेडिंग बॉट के माध्यम से निवेशक विभिन्न वित्तीय उत्पादों जैसे कि शेयर, क्रिप्टोकरेंसी, फॉरेक्स, और सामान्य वित्तीय उपकरणों में व्यापार कर सकते हैं।




स्कैमर इस तरह के **फेक ट्रेडिंग बॉट** बनाकर निवेशकों से वादा करते है कि ट्रेडिंग बॉट के माध्यम से **बिना मेहनत के बड़ा मुनाफा** कमाया जा सकता है। लेकिन वास्तव में, इस तरह के बॉट वास्तविकता में कारगर नहीं होते हैं और **निवेशकों को बड़ा नुकसान** होता है। स्कैमर अक्सर **झूठे वादों, नकली website, फर्जी प्रशंसापत्रों** और नकली प्रदर्शन परिणामों का इस्तेमाल करते हैं ताकि निवेशकों को फंसा सकें। इससे निवेशकों का पैसा खो जाता है और उन्हें कोई लाभ नहीं होता है।

## फर्जी ट्रेडिंग बॉट को पहचानने के लिए कुछ महत्वपूर्ण तरीके :

- **अत्यधिक लाभ के वादे:** अगर कोई ट्रेडिंग बॉट अत्यधिक मुनाफा का वादा करता है, जैसे कि निश्चित प्रतिशत की गारंटी या हर महीने निश्चित राशि का प्राप्ति, तो इसे संदेहास्पद समझें। कोई भी निवेश योजना जो अत्यधिक लाभ का वादा करती है, ऐसी योजना से सतर्क रहना चाहिए।
- **अस्थायी प्रोफाइल:** कुछ ट्रेडिंग बॉट या कंपनियाँ बाजार में अस्थायी हो सकती हैं और उनके बारे में कम जानकारी होती है। इसलिए, सत्यापन के लिए वेबसाइट, समीक्षा, और उपलब्धता के बारे में पूरी जानकारी जुटाएं।
- **असंवेदनशील प्रशंसापत्र:** ध्यान दें कि क्या ट्रेडिंग बॉट के बारे में प्रशंसापत्र या समीक्षा के लिए भुगतान किया जा रहा है। यदि हां, तो यह बॉट सत्यापित और विश्वसनीय नहीं हो सकता।
- **गलत स्पेलिंग और ग्रामर:** अक्सर फर्जी वेबसाइट या ऐप में गलत वर्णमाला, वाक्य संरचना या ग्रामर की त्रुटियाँ होती हैं। ऐसे तत्वों को ध्यान से देखें।
- **अचानक डील या प्रोमोशन:** कुछ फर्जी ट्रेडिंग बॉट अचानक डील या प्रोमोशन के माध्यम से अपना प्रचार करते हैं। इसके पीछे छल का संदेश हो सकता है।




पढ़ने के लिए क्लिक करे।

**इन संकेतों का ध्यान रखते हुए, निवेशकों को सतर्क रहना और सत्यापित, प्रमाणित ट्रेडिंग बॉट का ही चयन करना चाहिए।**

SPECIAL REPORT

# 3. BY PHONE CALL




## Fake Brokerage Call Scam

**फेक ब्रोकरेज कॉल स्कैम** में धोखेबाज़ व्यक्ति फोन कॉल के माध्यम से व्यापारिक धोखाधड़ी करने का प्रयास करता है। वह **नकली ब्रोकर (दलाल)** बनकर निवेशकों को अच्छे मुनाफे का वादा करता है और उनसे वित्तीय जानकारी और पैसे मांगता है।

- **धोखाधड़ीकर्ता अक्सर बाहरी लिंक या अन्य असुरक्षित तरीके** का उपयोग करके खाता खोलने के लिए धोखा देता है।
- ये **कॉल करने वाले हमेशा असली नहीं होते** और उनका मकसद निवेशकों को ठगना होता है। इसलिए, ऐसे कॉल पर सतर्कता बरतना और किसी भी प्रासंगिक नियामक संस्था से सलाह लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है।


Aaj Tak বাংলা Aaj Tak Campus GNTTV Lallant

AQI 13 RADIO LIVE

Hindi News / टेक्नोलॉजी / टेक न्यूज़

**निवेश और हाई रिटर्न का लालच, इस शख्स को लगा 1 करोड़ का चूना, ना करें ये गलती**

CLICK HERE

पढ़ने के लिए क्लिक करे।

**अतः अंजान नंबर से आए कॉल (यदी वो Investment व high रिटर्न की बात करे तो ) का जवाब देने से बचे।**

# 4. BY PHISHING LINK/APPS








Image Credit: Cyber Dost

इसमें **स्कैमर्स एक फर्जी इन्वेस्टमेंट वेबसाइट या ऐप बनाता** है, जो **असली वित्तीय संस्थाओं को नकल** करता है। इस तरह के फिशिंग लिंक और एप्लीकेशन अक्सर व्हाट्सएप/टेक्स्ट मैसेज/ इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से भेजे जाते है जिसमे **पैसे इन्वेस्ट करने पर High रिटर्न देने का वादा** किया जाता है। साथ ही कुछ फेक money withdraw/ credited amount के स्क्रीनशॉट भी यूजर को आकर्षित करने के लिए दिखाए जाते है।


- **वास्तव में ये सब एक छलावा** होता है जिससे हम उनकी बातों में आकर उनके द्वारा भेजे गए लिंक के माध्यम से ऐप डॉउनलोड कर लेते है और अपनी निजी एवं बैंक की जानकारी आसानी से स्कैमर को दे देते है और फिर हम ठगी का शिकार बन जाते है।



SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स

किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे में आकर, बिना जांच पड़ताल किए किसी भी प्लेटफार्म जैसे **बीट कॉइन** (Bit Coin) या **क्रिप्टो करेंसी, स्टॉक मार्केट, शॉपिंग रिचार्ज/कैश बैक, रियल एस्टेट** जैसे अनजान जगह पर निवेश करने से बचे।




निवेश के लिए केवल प्रमाणित और सत्यापित वेबसाइटों का उपयोग करें।


# साइबर सुरक्षा टिप्स

## BROKER की जांच कैसे करें ?

**ब्रोकर का लाइसेंस या प्रमाणिकता जांचने के लिए नीचे दिए वेबसाइट का उपयोग करें**

https://brokercheck.finra.org/



**ब्रोकरेज फर्म एक संस्था** है जो वित्तीय बाजारों में विभिन्न उत्पादों जैसे कि शेयर, म्यूचुअल फंड, और अन्य संवर्धन की खरीददारी और बेचने की सेवाएं प्रदान करती है। वह निवेशकों को वित्तीय सलाह और सेवाएं प्रदान करती है ताकि वे अपने निवेश को प्रबंधित कर सकें।

**ब्रोकर एक व्यक्ति** या संस्था होती है जो वित्तीय बाजारों में निवेशकों की सेवाएं प्रदान करती है। वह निवेशकों को उपयुक्त निवेश के लिए सलाह देता है और उनके लिए वित्तीय उत्पादों की खरीददारी और बिक्री का मध्यस्थता करता है।



SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स


## कंपनी की प्रमाणिकता कैसे चेक करें ?

निवेश की पेशकश करने वाले कंपनी का नाम और अन्य जानकारी (प्रमाणिकता हेतु) नीचे दिए गए वेबसाइट से प्राप्त करें।

http://www.nseindia.com/

https://www.bseindia.com/












**SPECIAL REPORT**


# 2FA को इनेबल करना





## अकाउंट हैकिंग से बचने के लिए सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर Two-Factor Authentication (2FA) अवश्य लागू करें।

















**Instagram पर आप ऊपर संकेत किए गए निम्न चरणों का पालन कर 2FA ( 2 Factor Authentication) लगा सकते हैं। इसी तरह से बाकी सोशल मीडिया पर भी 2FA ON करें।**

# साइबर सुरक्षा टिप्स

## किसी भी लिंक अथवा किसी व्यक्ति के कहने मात्र से कोई भी application download ना करें





Don't download these apps




इस तरह के एप्लीकेशन से आपके **मोबाइल का पूरा ब्यौरा** किसी अन्य के हाथ में चला जाता है, चाहे वो मोबाइल में रखी **प्राइवेट फोटो** हो या कोई **व्यक्तिगत जानकारी**।

**किसी ऐप को डाउनलोड करने के लिए हमेशा ट्रस्टेड सोर्स- Google Play Store या Apple App Store या ऑथेंटिक वेबसाइट का ही इस्तेमाल करें।**





SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स

## केवल विश्वसनीय वेबसाइटों से ही trading करें ।






Secured Website

Unsecured Website





सुनिश्चित करें की अपना क्रेडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी किसी भी शॉपिंग वेबसाइट या अपने कंप्यूटर/मोबाइल ब्राउज़र में खुद से सेव (save) न हो या न करें ।

## वेबसाइट की सत्यता के जांच के अन्य तरीके।

मान लीजिए आपको किसी भी सोशल मीडिया या गूगल पर किसी वेबसाइट द्वारा खास ऑफर की ad (sponsored) दिखाई दे रही हो, तो उस स्थिती में वेबसाइट की सत्यता की जांच के लिए निम्न चरणों का पालन करें -


### Step 1





website* की लिंक three dot पर क्लिक कर शेयर बटन से कापी करें।


*जिस वेबसाइट की जांच करनी हो।

## Step 2 Google पर YIMA या www.yima.org.za सर्च करें।








अब इस लिंक पर क्लिक करें।




यहाँ पर कॉपी किये गए लिंक को paste करें।

**परिणाम आपके सामने हैं ...**




- इस वेबसाइट के माध्यम से आप किसी भी वेबसाइट की vulnerability (safe है या नही) का पता कर सकते हैं।
- अत: अगली बार किसी अज्ञात वेबसाइट पर अपनी जानकारी देने अथवा कुछ खरीदने से पहले उसकी जांच अवश्य करें।
- **ट्रेडिंग वेबसाइट और एप्लीकेशन का प्रमाणिकता या लाइसेंस** चेक करने के लिए निचे बताये गए वेबसाइट का भी उपयोग कर सकते है-
  https://brokercheck.finra.org/
  https://www.sebi.gov.in/

**सतर्क रहें, सुरक्षित रहें !**

SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स

Bank details जैसे OTP, CVV, Customer ID, UPI PIN इत्यादि किसी भी व्यक्ति चाहे वो बैंक का कर्मचारी ही क्यों न हो, के साथ साझा न करें।









SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करें ?



**UPI के माध्यम से यदि फ्रॉड हो या गलती से किसी अन्य के UPI पर पैसे चले जाए तो उस स्थिति में आप विभिन्न चरणों का पालन कर अपने पैसे पुन: प्राप्त कर सकते हैं।**






**Step 1**- गूगल पर NPCI लिखकर सर्च करे, और वेबसाइट www.npci.org.in पर क्लिक करें।

**Step 2**- अब आप NPCI की होम पेज पर है, नीचे स्क्रॉल करे और consumer पर क्लिक करें।

**Step 3**- अब UPI पर क्लिक करें।

**Step 4**- नीचे स्क्रॉल करे और complaint के अंतर्गत Transaction वाले ऑप्शन पर क्लिक करें ।

**Step 5**- अपने समस्या के अनुसार विवरण भरे । और सबमिट बटन पर क्लिक करें।

* शिकायत विलम्ब से होने की स्थिति में पैसा वापस मिलना मुश्किल हो सकता है।

**SPECIAL REPORT**

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करें ?

यदि आप इस तरह के फ्रॉड के शिकार हो जाते है तो तुरंत ही आप सभी chat, भेजे गए डॉक्यूमेंट और भेजे गए पैसों के स्क्रीन शॉट के साथ www.cybercrime.gov.in or 1930 पर संपर्क कर घर बैठे-बैठे अपनी शिकायत दर्ज करें । ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए आपको साइबर पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत नहीं होती है ।







शिकायत दर्ज करने के लिए यहां क्लिक करे और आगे के चरण का अनुसरण कर अपनी शिकायत दर्ज करे।

SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करें ?




**आप अपने शहर के नजदीकी साइबर सेल में भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं ताकि आपको जल्द से जल्द समाधान मिल सके।**

INDIAN CYBER POLICE
INDIA
सत्यमेव जयते
ANTI CYBER CRIME UNIT
AWARENESS • INVESTIGATION • PROTECTION



उत्तर प्रदेश पुलिस के साइबर थानों के मोबाइल नम्बर एवं ईमेल

CLICK HERE



Delhi District Cyber Cells CLICK HERE

SPECIAL REPORT

# नि:शुल्क ऑनलाइन साइबर प्रशिक्षण




- आजकल इसी प्रकार से अनेकों साइबर अपराध तेजी से प्रसारित हो रहे, जिसे देखते हुए हमने आपके लिए बिल्कुल फ्री में साइबर प्रशिक्षण महा-अभियान चलाया है जिसमे आप ऐसे साइबर अपराध से बचने के तरीको के बारे में सीख पाएंगे।

- साथ ही एक आकर्षक सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा।



यदि आपने अभी तक इस प्रशिक्षण में भाग नही लिया तो एक बार अवश्य ले।

- हिंदी में साइबर प्रशिक्षण- https://forms.gle/AJajaozGwTjLPExC7

- Cyber Training in English- https://forms.gle/8LyAQPWPucn8LHir8

collcom
Empowering Youth through Community Service




## सावधान रहें, सुरक्षित रहें!

अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ
इस मैगज़ीन को शेयर जरूर करें।

**हमसे लगातार साइबर अपडेट्स पाने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें और हमारे आधिकारिक चैनल/ग्रुप को सब्सक्राइब करें।**

SUBSCRIBE

WhatsApp

Telegram

Click to Check Out some interesting video on YouTube
https://www.youtube.com/@collcom

For volunteering, Type **Join** and Send it on **WhatsApp +91-9868189955**

# संस्थापक के बारे में




## DR GAURAV KUMAR

(Founder and Director of CollCom, Asst Prof at Bennett University, Greater Noida)

डॉ गौरव वर्तमान में बेनेट विश्वविद्यालय (टाइम्स ग्रुप), ग्रेटर नॉएडा, उत्तर प्रदेश में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं । वह एक सामाजिक उद्यमी और CollCom (कॉलेज कम्युनिटी सोशल वेंचर) के संस्थापक और राष्ट्रीय सेवा योजना बेनेट विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी भी है। डॉ कुमार हमारे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से कंप्यूटर विज्ञान में एम.टेक और पीएचडी पूरी की है। अपनी शिक्षा के दौरान, वह सामाजिक गतिविधियों में काफी सक्रिय थे जैसे स्लम बस्ती में बच्चों को पढ़ाना, Waste मैनेजमेंट, वृक्षारोपण अभियान, रक्त दान, स्वास्थ्य, योग और फिटनेस के लिए सभी को जागरूक करना जैसे विषय पर काफी काम किया है ।

उनके इस अथक प्रयास के लिए उन्हें विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक पुरस्कार और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी (बेस्ट वालंटियर अवार्ड) का पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। कोविड के समय में डॉ कुमार शांत नहीं बैठे । उन्होंने प्लाज्मा और ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए लोगों की मदद करने का काम शुरू किया। उन्होंने देखा की हर व्यक्ति, बच्चे से लेकर बूढ़े तक, सभी लोग अपने दैनिक कार्य करने के लिए इंटरनेट पर निर्भर होते जा रहे है। जल्द ही, उन्हें इंटरनेट की दुनिया में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के बारे में जागरूकता की कमी के महत्व का एहसास हुआ। उन्होंने साइबर अपराध जागरूकता पर एक मेगा अभियान शुरू किया। उन्होंने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों (ऑफ़लाइन और ऑनलाइन) का दौरा करना शुरू किया और साइबर अपराध जागरूकता पर 35 से अधिक कार्यशालाएँ की । उन्होंने एक छोटा और बहुत ही अभिनव ऑनलाइन सेल्फ गाइड साइबर क्राइम अवेयरनेस ट्रेनिंग मॉड्यूल विकसित किया, जिसमें अभी तक 52,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए ।

उनका लक्ष्य अगले दो वर्षों में हमारे देश के 10 लाख लोगों को इंटरनेट की दुनिया में सशक्त बनाना है।

# संपादक के संदेश..



## MR. PRITESH MISHRA

(National Coordinator, CollCom)

किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड होने का अर्थ ये कदापि नहीं है की वो शिक्षित नहीं है, केवल सीधा सा अर्थ है वो उस बात से अनभिज्ञ/जागरूक नही था । अतः फ्रॉड होने के स्थिति में आप सबसे पहले ज़रा भी न घबराए, परिवार वाले डाटेंगे या मित्र क्या कहेंगे ? ये कदापि न सोचे या कोई भी गलत फैसला न ले, समय रहते यदि आप शिकायत दर्ज करवा देते है तो आपके पैसे मिलने के अवसर बढ़ जाते है ।

अब तो RBI के दिशा निर्देश के अनुसार आप फ्रॉड होने के तुरंत बाद यदि अपने संबंधित बैंक में शिकायत दर्ज कराते है तो वो 90 दिन के भीतर ही आपकी समस्या सुलझाने का प्रयास करते है। परंतु आप को यहां तक पहुंचने की आवश्यकता ही क्या है, बस थोड़ी सी सावधानी के साथ आप अपने और अपने से संबंधित लोगों को साइबर अपराध से बचा सकते हैं ।

**वर्तमान समय और भी भयावह है** इस बढ़ती तकनीक में ठग आपके थोड़ी सी जानकारी से आपके पूरे जीवन को संकट में डाल सकते है, आने वाले समय में **कॉल स्पूफिंग के खतरे अधिक है** जिसमे आपको अपने संबंधी के मोबाइल में सेव नंबर से उन्ही के आवाज में कॉल आयेगा परंतु वो ठग होगा। इससे बचने के लिए हर एक चीज को सत्यापित करे बिना किसी के बात में  न आए और अपनी व्यक्तिगत  जानकारियों को ऑनलाइन कम से कम अपडेट करे।

समय-समय पर आपको साइबर से संबंधित जानकारी हम अपने ऑफिशियल वेबसाइट/ सोशल मीडिया/यूट्यूब वीडियो के माध्यम से साझा करते रहेगें ।

**जागरूक रहें, सुरक्षित रहें !**

# सलाहकार सदस्य



**Dr Anil Kumar Singh**
( Asst. Professor, Jawaharlal Nehru University)



**Shri Anshumali Sharma**
(Ex-State Liaison Officer (SLO) NSS, Uttar Pradesh)



**Dr. Sanjeev Sharma**
(Associate Professor, JNU, New Delhi)



**Shri Gautam Kumar**
(Executive Engineer, WRD, Govt of Bihar)



**Shri Amrish Kumar Niranjan**
(Youth Assistant, NSS, Delhi)



**Shri Sintoo Kumar**
(TGT Teacher, Govt of Delhi)



**Shri OP Mishra**
(Entrepreneur and Director of Jetex Infotech)



**Shri Ranjan Kumar**
(Senior Product Manager, Microsoft)

# कार्यकारी सदस्य



**Dr Gaurav Kumar**
(Founder and Director, CollCom)



**Mr Priteesh Kumar**
(Asst. Director-Collaboration, CollCom)



**Shri Satya Mishra**
(Asst. Director-Marketing, CollCom)



**Mr Pritesh Mishra**
(National Coordinator, CollCom)



**Mr Sumit Kumar**
(State Coordinator, CollCom)



**Ms Shweta Kumari**
(Social Media Head, CollCom)

# मैगज़ीन के पिछले संस्करण

JAN, 2024




Dec, 2023




NOV, 2023




Oct,2023




Sept,2023




Aug,2023




July,2023




June,2023




May,2023




April,2023




March,2023




FEB,2023




JAN,2023




DEC,2022




## किसी भी मैगजीन को पढ़ने के लिए उस मैगजीन पर क्लिक करें।

**पढ़ने के बाद अपना सुझाव अवश्य दें।** https://g.page/r/CZmEUz-HXMe0EAI/review